राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–161/2023

युवा पीढ़ी को सही दिशा देने में गायत्री परिवार की भूमिका उल्लेखनीय –राज्यपाल

पटना, 07 मई, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शांति कुंज हरिद्वार के स्वर्ण जयंती के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ, पटना में आयोजित 'युवा शक्तिपीठ' कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को सही दिशा देने में गायत्री परिवार उल्लेखनीय भूमिका निभा सकती है।

उन्होंने कहा कि आज के युवा आत्मकेंद्रित हो गये हैं और सिर्फ अपने एवं अपने परिवार के विषय में सोचते हैं। अत्यधिक अर्थोपार्जन एवं सुख–सुविधा के साधन जुटाना उनका उद्देश्य रह गया है। उन्हें इस मानसिकता से बाहर निकलकर समाज के लिए सोचने की आवश्यकता है और इसमें गायत्री परिवार उनका मार्गदर्शन कर रहा है।

राज्यपाल ने अच्छे व्यक्ति के निर्माण की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि एक अच्छा इंसान हमेशा अच्छा और समाजपयोगी कार्य करता है, चाहे वह किसी भी पेशे से संबंध रखता हो। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र से हमारे भीतर सात्विकता का संचार होता है। हमें प्रयास करना चाहिए कि यह सात्विकता स्वयं तक सीमित न रहकर दूसरों के लिए भी कल्याणकारी बने।

इस अवसर पर प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ (बिहार) के प्रभारी श्री मनीष कुमार, व्यवस्थापक श्री ज्ञानप्रकाश, गायत्री शक्तिपीठ, पटना के जोनल समन्वयक डॉ० अशोक, उपजोन समन्वयक श्री लालबाबू सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....